भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3685
बुधवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

एसईसीआई द्वारा कार्यान्वित की गई सौर ऊर्जा परियोजनाएं

3685. श्री डी. एम. कथीर आनंदः
श्री आनंद भदौरियाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) ने देश में इसके द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनेक सौर ऊर्जा परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एसईसीआई द्वारा आबंटित सौर परियोजनाओं को आज की तिथि तक चालू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एसईसीआई ने निजी कंपनियों और राज्य सरकारों के साथ बढ़ी हुई दर पर विद्युत क्रय संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या विद्युत क्रय समझौते में रिश्वतखोरी के मामलों की भी सूचना मिली है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): जी, हाँ। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) ने योजना निविदाओं के अंतर्गत लगभग 43.3 गीगावाट की सौर परियोजनाएं आवंटित की हैं।

(ग) दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, सेकी योजना निविदाओं के अंतर्गत लगभग 15.6 गीगीवाट सौर परियोजनाएं चालू की गई हैं।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) योजना निविदाओं के अंतर्गत, सेकी राज्य सरकारों के साथ विद्युत खरीद करार (पीपीए) पर हस्ताक्षर नहीं करता। सेकी की अपनी परियोजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों के साथ सेकी द्वारा हस्ताक्षरित पीपीए के भाग के रूप में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को रिश्वतखोरी के मामलों के संबंध में कोई आधिकारिक दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं।

*****